## CANCELLATION OF SITTINGS OF RAJYA SABHA

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform Members that as decided in the Leaders' meeting held today, the 16th March, 2010 the sittings of the Rajya Sabha scheduled for 17th and 18th March, 2010 have been cancelled.

## MATTERS RAISED WITH PERMISSION

### Violence in Bareilly

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, बरेली, उत्तर प्रदेश में पिछले दो मार्च से कर्फ्यू लगा हुआ है। सर, यह बहुत गंभीर मामला है। बरेली बहुत ही शांतिप्रिय नगर रहा है और वहां पर कभी भी किसी भी प्रकार का दंगा-फसाद नहीं हुआ है। दो मार्च से वहां लगातार कर्फ्यू है, जिसके कारण महिलाएं, बच्चे या बीमार लोग घर से बाहर नहीं निकल सकते, उन्हें दवाइयां नहीं मिल सकतीं। उत्तर प्रदेश में कल जो रैली थी, उत्तर प्रदेश सरकार के सब अधिकारी उसमें लगे रहे और बरेली जलती रही, किसी ने उसकी परवाह नहीं की।

श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां हमेशा शांतिमय तरीके से दोनों समुदाय रहते हों, जहां आला हज़रत की मजार पर हिन्दू-मुस्लिम दोनों समान रूप से हमेशा अपना आदर प्रकट करने के लिए उपस्थित होते रहे हों, उस नगर में इस प्रकार का तनाव हो और राज्य सरकार आंख बंद करके देखती रहे, बच्चों को दूध न मिले, मरीजों को दवाइयां न मिलें, लोग घर से निकल न पाएं और सरकार तथा अधिकारियों को रैली से फुर्सत न हो, यह अजीब स्थिति उत्तर प्रदेश की हो गई है। उसमें मानॉरिटीज़ के लोग बहुसंख्या में पीड़ित हैं। 2 तारीख को Barawafat में जब जुलूस निकल रहा था, उस वक्त हमला हुआ था, उसके बाद से कर्फ्यू लगा हुआ है। इसलिए मैं चाहूंगा कि अगर वहां से कोई खबर आई हो तो मंत्री जी सदन को अवगत कराएं। मैं यह भी निवेदन करूंगा कि केन्द्र सरकार इस मामले में तुरन्त हस्तक्षेप करके बरेली को नॉर्मल स्थिति में लाने की कोशिश करे। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Raashid Alvi.

**श्री विनय कटियार** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, बरेली में इस तरह ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Shri Raashid Alvi. उनका ज़ीरो ऑवर मैंशन है, राशिद अल्वी जी, आप बोलिए ...(**व्यवधान**)... I have called Mr. Raashid Alvi.

**श्री विनय कटियार** : उपसभापति जी, वहां जो हवाई सर्वे हो रहा है ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. I have called Mr. Raashid Alvi.

**श्री विनय कटियार** : *

**श्री उपसभापति** : आप छोड़िए इसे ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record.

**श्री विनय कटियार** : *

* Not recorded.

**श्री उपसभापति** : आपने नोटिस नहीं दिया है ...(**व्यवधान**)...

**श्री विनय कटियार** : *

**श्री उपसभापति** : कटियार जी, आपने नोटिस नहीं दिया है ...(**व्यवधान**)...

**श्री विनय कटियार** : *

**श्री राशिद अल्वी** (आन्ध्र प्रदेश) : अगर बात करनी है, तो नोटिस दीजिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : ठीक है, आप associate कीजिए।

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu): Sir, he is only associating!

**श्री विनय कटियार** : *

**श्री उपसभापति** : नहीं, Nothing will go on record. देखिए, उन्होंने Law and order situation के बारे में कहा है, आप दूसरी बात बोल रहे हैं, it has nothing to do with it.

**श्री विनय कटियार** : *

**श्री उपसभापति** : राशिद अल्वी जी, आप बोलिए।

**श्री राशिद अल्वी** : उपसभापति जी, मुझे बहुत तकलीफ है कि बरेली के हालात इतने गंभीर हैं और उन्हें आप संजीदगी के साथ नहीं ले रहे हैं। बरेली के अंदर 15 दिनों से कर्फ्यू लगा हुआ है। उत्तर प्रदेश में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी शहर में लगातार 15 दिनों तक कर्फ्यू लगा हो। ऐसी कौन सी सरकार है, जो बरेली के हालात ठीक नहीं कर सकती? मैं आज सुबह बरेली जाना चाहता था। मैं बरेली जाने के लिए चला, कांग्रेस के वर्कर्स मेरे साथ थे। गाजियाबाद में मुझे पुलिस ने रोक लिया और गिरफ्तार कर लिया। बरेली के DM का ऑर्डर गाजियाबाद में चलेगा, यह संविधान के साथ खिलवाड़ नहीं है, तो और क्या है? बरेली के DM हुक्म दे रहे हैं कि मुझे गाजियाबाद से आगे न जाने दिया जाए, यह कौन सा कानून है? उत्तर प्रदेश की सरकार किस तरीके से काम करना चाहती है? मुझे गाजियाबाद में रोककर गिरफ्तार कर लिया गया, मुझे गैस्ट हाउस ले गए तथा मुझे आगे जाने से रोक दिया गया। क्यों? बरेली में आखिर क्या हो रहा है, हम क्यों बरेली नहीं जा सकते? वहां पर लोगों के पास खाने के लिए रोटी नहीं है। माननीय सदस्य ने ठीक कहा कि वहां पर लोगों के पास दवाइयां नहीं हैं। अगर 15 दिनों तक लगातार कर्फ्यू होगा, तो लोगों के पास कहां से खाने के लिए आएगा, कहां से दवाइयां आएंगी? लखनऊ में तमाम टी.वी. चैनल चिल्ला रहे हैं कि 200 करोड़ रुपए से वहां पर रैली निकली है। ऐसा हिंदुस्तान में हमने पहले कभी नहीं देखा। हमने इलेक्शन के अलावा ऐसा कभी नहीं देखा कि देश के नेताओं के गले में रुपयों की मालाएं पड़ती हैं। यह सिर्फ चुनाव के दौरान होता है कि रुपयों की मालाएं पड़ती हैं, लेकिन यहां एक-एक हजार के नोट नेताओं के गले के अंदर पड़ रहे हैं, इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती है।

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal) : Is this allowed, Sir? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Pardon.

SHRIMATI BRINDA KARAT: When they make comments on other party's rally, is that allowed, Sir? ...*(Interruptions)*...

**श्री राशिद अल्वी** : उपसभापति जी, मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार का एक भी मंत्री बरेली नहीं गया। वहां 15 दिनों से कर्फ्यू लगा है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों को फुरसत ही नहीं है कि वे बरेली जाकर देखें कि वहां क्या हो रहा है ...(**व्यवधान**)... वहां कोई नहीं गया, इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। वहां पर गिरफ्तारियां हो रही हैं। मुझे इत्तला मिली है कि लड़कियों को घरों से उठाकर ले जाया जा रहा है, आखिर उनका क्या कसूर है? मैं सरकार से दरख्वास्त करता हूं कि इस मामले की जुडिशियल इंक्वायरी होनी चाहिए और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri A. Vijayraghavan....*(Interruptions)*....

**श्री एस.एस. अहलुवालिया** (झारखंड) : उपसभापति जी, मेरा इतना ही कहना है कि बरेली में जो कुछ हुआ, वह दुर्भाग्यजनक घटना है, उस पर रोक लगनी चाहिए थी। इसकी इंक्वायरी होनी चाहिए। वहां पर बहुत सारे सिखों की दुकानें जला दी गईं। 1984 के दंगों में बरेली इलाके के बहुत से लोग चले गए थे, लेकिन वहां के लोगों के आश्वासन पर और अपनी हिम्मत पर रह रहे थे, लेकिन 27 तारीख के बाद वहां जिस तरह की घटनाएं घट रही हैं, बहुत सारे सिखों और अति अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और हिंदुओं की दुकानें जला दी गईं, इस पर तुरन्त कार्यवाही होनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री ब्रजेश पाठक** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, माननीय सदस्य ने उत्तर प्रदेश से जुड़ा मामला उठाया है ...(**व्यवधान**)... मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया जाए ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : देखिए, यह Zero Hour है, इसमें आपका नोटिस नहीं है। आपको कैसे मौका दिया जाए? ...(**व्यवधान**)...

**श्री ब्रजेश पाठक** : उपसभापति महोदय, जो राज्य का मामला होता है, वह कभी भी सदन में नहीं उठता है। यह संसदीय परंपरा रही है ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : ठीक है, ठीक है, कृपया आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... नोटिस admit हुआ है ...(**व्यवधान**)... Mr. Vijayraghavan. ...*(Interruptions)*...

**श्री ब्रजेश पाठक** : उपसभापति महोदय, चूंकि यह संसदीय परंपरा रही है कि राज्य का मामला इस सदन में नहीं उठना चाहिए। इस प्रकरण में माननीय सदस्य ने जो मामला उठाया है, वह राज्य का विषय है, इसलिए इसको expunge किया जाना चाहिए और इसको कार्यवाही से निकाला जाना चाहिए।

**श्री उपसभापति** : चूंकि यह admit हुआ है, इसलिए इसको expunge नहीं किया जाएगा।

**Large scale job cuts and other problems of NRI in the Gulf region**

SHRI A. VIJAY RAGHAVAN (Kerala): Sir, I would like to raise an urgent issue related to more than 4.5 million. ...*(Interruptions)*...

**डा. वी. मैत्रेयन** (तमिलनाडु) : सर, आपने स्टेट का मामला यहां allow कर दिया ...(**व्यवधान**)...